865(E)
05/02/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 4/2/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, सहरसा के अन्तर्गत Widening & Strengthening of Babajee Kuti Chowk (NH-107) to Bhimrao Ambedkar Chowk via Bengaha Road from Ch:-0+000 to 3+775 (Total Length-3.775 Km.) for the year 2025-26 कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iii) श्री उमाशंकर प्रसाद, मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1724(अनु०) दिनांक–26.12.2025 के माध्यम से प्राप्त दिनांक–26.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही, अनुशंसा एवं संलग्न जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं एवं विभागीय पत्रांक–185(E)We दिनांक–12.01.2026 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–58(अनु०) दिनांक–13.01.2026 द्वारा समर्पित वांछित अभिलेखों/कागजातों के आधार पर विवरणी निम्नवत् हैः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening & Strengthening of Babajee Kuti Chowk (NH-107) to Bhimrao Ambedkar Chowk via Bengaha Road from Ch:-0+000 to 3+775 (Total Length-3.775 Km.) for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, सहरसा। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹1474.21 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–5803(s) दिनांक–01.07.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹1558.73 लाख।<br>मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–1372(अनु०) दिनांक–03.10.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹1456.50048 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 06 (Six) Months. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 11.12.2025 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा की संख्या | : | 01 (एक) अद्द यथाः–<br>(i) M/s Narsingh Construction |
| 2.11 | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग | : | मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–1724(अनु०) दिनांक–26.12.2025 |
| 2.12 | परिवाद की स्थिति | : | वर्त्तमान तिथि तक इस निविदा से संबंधित कोई परिवाद प्राप्त नहीं है। |
| 2.13 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा है। प्रथम बार आमंत्रित निविदा, जिसका NIT No.-06/RCD/Saharsa/2025-26 जिसका PR No.-016101(RD)2025-26 है, में कोई निविदाकार के भाग नहीं लेने के फलस्वरूप कार्यपालक अभियांत, पथ प्रमंडल, सहरसा द्वारा कार्यालय आदेश संख्या–29 दिनांक–30.10.2025 से निविदा को रद्द करते हुए पुनर्निविदा आमंत्रित की गयी है। |

3. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय :–**

3.1 विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा में एकल निविदकार M/s Narsingh Construction द्वारा भाग लिया गया है। निविदकार M/s Narsingh Construction द्वारा अग्रधन की राशि Online के रूप में निविदा के साथ जमा की गयी है।

3.2 एकल निविदाकार M/s Narsingh Construction द्वारा पुनर्निविदा के साथ अपलोड विभिन्न कार्यालयों द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र का सत्यापन कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, सहरसा द्वारा कराया गया है।

3.3 उपरोक्त विवरणीनुसार एकल निविदकार M/s Narsingh Construction SBD निविदा की सभी वांछित न्यूनतम अर्हत्ता को पूर्ण करते हैं।

3.4 विभागीय पत्रांक–6228(एस०) दिनांक–30.12.2021 से प्राप्त निदेश के आलोक में उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा विषयाधीन कार्य की पुनर्निविदा के एकल निविदाकार M/s Narsingh Construction को SBD निविदा की सभी वांछित न्यूनतम अर्हत्ता पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रथम बार निविदा में निविदाकार की संख्या शून्य रही है। अतः पुनर्निविदा में एकल निविदाकार के सफल होने के फलस्वरूप विभागीय पत्रांक–3162(S) दिनांक–09.05.2016 एवं बिहार लोक निर्माण संहिता की कंडिका–163 के अनुपालन में विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु उपस्थापित करने की अनुशंसा करती है।

## 4. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः

4.1 मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1724(अनु०) दिनांक–26.12.2025 के माध्यम से प्राप्त दिनांक–26.12.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही, अनुशंसा तथा इसके साथ संलग्न जाँच–पत्र में अंकित की गई सूचनाओं एवं विभागीय पत्रांक–185(E)We दिनांक–12.01.2026 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–58(अनु०) दिनांक–13.01.2026 द्वारा समर्पित वांछित अभिलेखों/कागजातों के आधार पर विभागीय निविदा समिति का अनुमोदन निम्नवत् है :–

4.2 पथ प्रमंडल, सहरसा के अन्तर्गत **Widening & Strengthening of Babajee Kuti Chowk (NH-107) to Bhimrao Ambedkar Chowk via Bengaha Road from Ch:-0+000 to 3+775 (Total Length-3.775 Km.) for the year 2025-26** कार्य के लिए प्राप्त पुनर्निविदा के तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में प्राप्त एकल निविदाकार यथा **M/s Narsingh Construction** को **SBD** निविदा की सभी वांछित न्यूनतम अर्हत्ता पूर्ण करने के कारण बिहार लोक निर्माण संहिता के नियम–163(3) के तहत् पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

4.3 विभागीय आदेश–141–सह–पठित ज्ञापांक–5355(एस) दिनांक–28.10.2021 के आलोक में तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोलने एवं तदोपरान्त वित्तीय बीड की तुलनात्मक विवरणी निविदा निष्पादनार्थ विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया जाता है। बशर्ते उक्त विभागीय निदेश के अनुसार निर्धारित अवधि दो दिनों में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त न हो। यदि परिवाद प्राप्त होता है, तो सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरान्त ही वित्तीय बीड खोला जायेगा।

4.4 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ह०/- 04/02/26 | ह०/- 04/02/26 | ह०/- 04/2/26 | ह०/- |
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमाशंकर प्रसाद)<br>मुख्य अभियंता,<br>सीमाचंल उपभाग,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–257/2025 865(E) पटना, दिनांक 05/02/2026

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

ह०/- 04/2/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।